आइआइएम यूथ फेस्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रांची. आइआइएम रांची के यूथ फेस्ट एगॉन-रश 6.0 के दूसरे दिन (शनिवार) सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं. मैनेजमेंट कंपीटिशन प्लूटस का आयोजन हुआ. इनका आयोजन आइआइएम के फाइनांस क्लब फिनोपिस ने किया. फाइनल राउंड में आइआइएम रांची की टीम व्यूसाइड ब्वॉयज विजेता बनी. एनएमआइएमएस की टीम उपविजेता रही. विजेता प्रतिभागियों को 45 हजार रुपये का पुरस्कार मिला. इसके अलावा क्रैक द केस 6.0 का आयोजन ऑपरेशंस क्लब ने किया. इसमें एनआइटीआइइ, जीआइएम गोवा और आइआइएम रांची की टीम विजेता चुनीं गयी. इसके पहले दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं. सिमवॉल्य इवेंट में विद्यार्थियों ने केस स्टडी आधारित पहेलियों को सुलझाया.

Prabhat Khabar, 07.02.2021, Pg. 11